**AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR**
JODHPUR 342304, Rajasthan, India
**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
**जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत**

Telefax
0291 2570710(O)
0291-2570711
**E-mail:**
vcunivag@gmail.com

**डॉ एम एल मेहरिया**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**

दिनांक – 14.09.2019

## कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का सप्तम स्थापना दिवस उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया

आज दिनांक 14.09.2019 कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर का सप्तम् स्थापना दिवस उल्लासपूर्ण, रूप से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ भगीरथ सिंह, कुलपति, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर थें। उन्होने किसान को अन्नदाता बताते हुए विश्वविद्यालय को आव्हान किया कि वैज्ञानिक खेत पर जाकर तकनिकी ज्ञान का आदान प्रदान करें। इस शुभअवसर पर समारोह के प्रथम कुलपति डॉ एल एन हर्ष ने विश्वविद्यालय से निकले छात्रों द्वारा आशातीत प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की एव छः वर्ष के सीमित समय में प्रगति की उसकी भुरी–भुरी प्रसंसा की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम डॉ सिंह ने विश्वविद्यालय के बदलते स्वरूप एवं प्रगति की राह पकड़ने के लिये कुलपति प्रो. बी. आर. चौधरी को बधाई दी उन्होने विश्वविद्यालय में अनुसंधान की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए प्रो चौधरी को अनुसंधान के क्षेत्र में नियमित प्रक्रिया से हटकर विशेष शोधकार्य करवायें जिससे स्थानिय कृषको को लाभ मिले एवं विश्वविद्यालय की अलग से साख बनें। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रों बी आर चौधरी ने अपने कार्यकाल का विजन प्रस्तुत करते हुए दृढ़ संकल्प दौराया की उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय में शिक्षण, अनुसंधान एवम् प्रसार के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये जायेगें। प्रो चौधरी ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय को वितिय आत्मनिर्भर किया जाएगा। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का आह्वाहन किया कि किसानों का दुख दर्द हद्य की गहराईयों से समझकर उनकी उन्नति एवं विकास के लिये अनुसंधान में नवाचार के कार्य करें। डॉ ओ पी यादव, निदेशक काजरी जोधपुर ने अपने उद्बोधन में कहा की कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर शिक्षा अनुसंधान व प्रसार शिक्षा में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान, मुमंई के सह निदेशक डॉ वी पी वेणुगोपालन ले कटाई उपरान्त नुकसान को कम करने के संबंध में विश्वविद्यालय के साथ काम करने की मंशा जाहिर की।

कार्यक्रम के आरम्भ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री छगनलाल श्रीमाली ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संकाय अध्यक्ष डॉ भारत सिंह भीमावत एवं विश्वविद्यालय के सभी वर्ग के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा माननीय नवनियुक्त कुलपति प्रो बी आर चौधरी साहब का स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन किया। इस शुभअवसर पर कृषि महाविद्यालय जोधपुर की छात्राओं द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतिया दी गई। कार्यक्रम में धन्यवाद की रस्म डॉ ईश्वर सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ आर एल भारद्वाज द्वारा किया गया।

**(डॉ एम एल मेहरिया)**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**


AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR
2013
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
Agriculture University, Jodhpur
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
सप्तम् स्थापना दिवस
14 सितम्बर, 2019


कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
सप्तम् स्थापना दिवस
14 सितम्बर, 2019